- परीक्षा स्थल पर स्क्राइब के परिवर्तन की सामान्यतः अनुमति नहीं है। हालाँकि, असाधारण परिस्थितियों में, विधिवत कारण दर्ज करके परिवर्तन की अनुमति दी जा सकती है। नए स्क्राइब को रे.भ.बो. में स्क्राइब के रूप में पंजीकृत होना चाहिए, और एकमुश्त पंजीकरण (ओटीआर) प्रिंटआउट की एक प्रति परीक्षा केंद्र पर जमा करनी होगी। इसके अतिरिक्त, नए स्क्राइब को पैरा 11.7.9 के तहत स्क्राइब के लिए लागू अन्य सभी मानदंडों को पूरा करना होगा। उम्मीदवारों को "स्क्राइब परिवर्तन" फॉर्म और 'स्क्राइब का उपयोग करने के लिए वचन पत्र' फॉर्म में विवरण भरना होगा।

- यदि ये आवश्यकताएँ पूरी नहीं होती हैं, तो रे.भ.बो. अपने विवेक से एक स्क्राइब नियुक्त कर सकता है, बशर्ते उम्मीदवार अभी भी स्क्राइब सुविधा का लाभ उठाना चाहता हो। रे.भ.बो. द्वारा प्रदान की गई स्क्राइब की योग्यता सीईएन की न्यूनतम योग्यता से अधिक नहीं होगी। हालाँकि, स्क्राइब की योग्यता हमेशा मैट्रिक या उससे ऊपर होगी।

**11.7.10.** पैरा 11.7.1, 11.7.2 और 11.7.3 में उल्लिखित अनुसार, स्क्राइब की सेवाओं का उपयोग करने के पात्र अभ्यर्थी, यदि चाहें तो स्क्राइब की सुविधा और/या प्रतिपूरक समय का लाभ उठा सकते हैं।

a) उपर्युक्त पैराग्राफों में निर्दिष्ट अनुसार, स्क्राइब का उपयोग करने की अनुमति प्राप्त अभ्यर्थियों को परीक्षा के दौरान प्रति घंटे 20 मिनट का प्रतिपूरक समय प्रदान किया जाएगा।

b) पैरा 11.7.1, 11.7.2 और 11.7.3 में उल्लिखित अभ्यर्थी, जो स्क्राइब के उपयोग के पात्र हैं, लेकिन इस सुविधा का लाभ नहीं उठाना चाहते हैं, उन्हें भी परीक्षा के दौरान प्रति घंटे 20 मिनट का प्रतिपूरक समय प्रदान किया जा सकता है, यदि वे चाहें।

**11.7.11.** स्क्राइब की नियुक्ति संबंधी शर्तें, सक्षम प्राधिकारी के द्वारा समय-समय पर यथासंशोधित विभिन्न प्रावधानों/आदेशों के अधीन होंगी।

12.0 **वर्तमान नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी):**

रेल या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों सहित किसी भी केंद्र/राज्य सरकार के विभाग में सेवारत (प्रेरण प्रशिक्षण/परिवीक्षा अवधि से गुजर रहे उम्मीदवारों सहित) उम्मीदवार अपने नियोक्ता को विधिवत सूचित करते हुए सीधे रे.भ.बो. को आवेदन कर सकते हैं। चयनित उम्मीदवारों को दस्तावेज़ सत्यापन की तिथि पर नियोक्ता से प्राप्त अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्रस्तुत करना होगा, अन्यथा उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी। दस्तावेज़ सत्यापन/पैनलीकरण/नियुक्ति के दौरान/उस समय निर्धारित समय सीमा के भीतर अपने वर्तमान नियोक्ता से प्राप्त अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्रस्तुत करना उम्मीदवार की पूर्णतः जिम्मेदारी है। ऐसा न करने पर उनकी उम्मीदवारी/पैनलीकरण/नियुक्ति अस्वीकार और रद्द कर दी जाएगी।

**नोट:** अभ्यर्थियों को ध्यान रखना चाहिए कि यदि संबंधित रे.भ.बो. को उनके नियोक्ता से कोई पत्र प्राप्त होता है, जिसमें अभ्यर्थियों को परीक्षा के लिए आवेदन करने/उसमें सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जाती है, तो उनका आवेदन/उम्मीदवारी अस्वीकृत/रद्द कर दी जाएगी।

13.0 **भर्ती प्रक्रिया:**

(ए) उम्मीदवारों को किसी भी आरआरबी की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से केवल ऑनलाइन आवेदन करना होगा। उम्मीदवार केवल एक आरआरबी और केवल एक सामान्य ऑनलाइन आवेदन (किसी एक या सभी अधिसूचित पदों के लिए वरीयता क्रम में) के लिए आवेदन कर सकते हैं। सिर्फ एक आरआरबी का किया गया चयन अंतिम होगा। एक उम्मीदवार द्वारा एक से अधिक आरआरबी में आवेदन करने पर सभी आवेदन अस्वीकार कर दिए जाएँगे।

(बी) भर्ती प्रक्रिया में निम्नलिखित चरण शामिल होंगे:



INDIAN RAILWAYS

(i) प्रथम चरण कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी-I)

(ii) द्वितीय चरण कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी-II)

(iii) दस्तावेज़ सत्यापन (डीवी)

(iv) चिकित्सा परीक्षण (एमई)

(सी) परीक्षा कार्यक्रम और स्थानों की जानकारी पात्र उम्मीदवारों को आरआरबी वेबसाइट, एसएमएस और/या ईमेल के माध्यम से यथासमय दी जाएगी।

(डी) किसी भी चरण को स्थगित करने या स्थान, तिथि और शिफ्ट में बदलाव के अनुरोध पर किसी भी परिस्थिति में विचार नहीं किया जाएगा।

(ई) **नोट-I** : उम्मीदवारों को कैलकुलेटर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का उपयोग करने की अनुमति नहीं है। इसलिए, उन्हें इन्हें परीक्षा परिसर के अंदर नहीं लाना चाहिए। यदि किसी उम्मीदवार के पास मोबाइल फोन, ब्लूटूथ या वायरलेस संचार का कोई अन्य साधन चालू या बंद पाया जाता है, तो उसकी उम्मीदवारी तुरंत रद्द कर दी जाएगी और उसे आरआरबी परीक्षाओं से वंचित कर दिया जाएगा, साथ ही उसके खिलाफ उचित समझी जाने वाली कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

(एफ) उम्मीदवारों को आरआरबी की आधिकारिक वेबसाइटों पर दिए गए लिंक से सिटी (शहर) और तिथि की सूचना, ई-कॉल लेटर और यात्रा प्राधिकरण (जहाँ भी लागू हो) डाउनलोड करने होंगे। उम्मीदवारों को ई-कॉल लेटर पर दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ना चाहिए और उनका कड़ाई से पालन करना चाहिए। निर्देशों का पालन न करने पर उनकी उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है।

(जी) ऑनलाइन परीक्षा प्रक्रिया से परिचित होने के लिए उम्मीदवारों को आरआरबी की आधिकारिक वेबसाइट पर मॉक/अभ्यास परीक्षाएँ भी उपलब्ध कराई जाएँगी।

### 13.1 प्रथम चरण सीबीटी (सामान्य रुप से इस सीईएन के सभी अधिसूचित पदों के लिए):

अवधि : 90 मिनट (स्क्राइब पाने के लिए योग्य पीडब्ल्यूबीडी (PwBD) उम्मीदवारों के लिए 120 मिनट)

प्रश्नों की संख्या : 100

प्रथम चरण सीबीटी स्क्रीनिंग प्रकृति का है और सीबीटी के लिए प्रश्नों का स्तर सामान्यतः पदों के लिए निर्धारित शैक्षिक मानकों और/या न्यूनतम तकनीकी योग्यताओं के अनुरूप होगा। प्रथम चरण की परीक्षा के सामान्यीकृत अंकों का उपयोग केवल द्वितीय चरण की परीक्षा के लिए उम्मीदवारों की योग्यता के अनुसार चयन के लिए किया जाएगा। किसी समुदाय, दिव्यांगजन और भूतपूर्व सैनिक के आरक्षण लाभों का लाभ उठाते हुए, दूसरे चरण की सीबीटी के लिए चुने गए उम्मीदवारों पर भर्ती प्रक्रिया के सभी आगामी चरणों में केवल उसी समुदाय के लिए विचार किया जाएगा।

प्रश्न वस्तुनिष्ठ तथा बहुविकल्पीय प्रकार के होंगे तथा निम्नलिखित विषयों से संबंधित प्रश्न शामिल किए जा सकते हैं:

**ए. गणित:**

संख्या प्रणालियाँ, बोडमास, दशमलव, भिन्न, लघुत्तम समापवर्त्य और महत्तम समापवर्त्य, अनुपात और समानुपात, प्रतिशत, क्षेत्रमिति, समय और कार्य, समय और दूरी, साधारण और चक्रवृद्धि ब्याज, लाभ और हानि, बीजगणित, ज्यामिति, त्रिकोणमिति, प्रारंभिक सांख्यिकी, वर्गमूल, आयु गणना, कैलेंडर और घड़ी, पाइप और टंकी)।।

**बी. सामान्य बुद्धि और तर्कशक्ति :** अनुरूपता, वर्णानुक्रम एवं संख्या श्रृंखला, कोडिंग और डिकोडिंग, गणितीय संक्रियाएँ, संबंध, युक्ति वाक्य, बिना क्रम के रखना (जंबलिंग),वेन आरेख, डेटा की व्याख्या एवं पर्याप्तता, निष्कर्ष एवं निर्णय, समानताएँ एवं अंतर, विश्लेषणात्मक तर्क, वर्गीकरण, निर्देश, कथन - तर्क एवं पूर्वधारणाएँ आदि।

**सी. सामान्य जागरूकता:**

समसामयिक घटनाओं का ज्ञान, भारतीय भूगोल, संस्कृति और भारत का इतिहास जिसमें स्वतंत्रता संग्राम, भारतीय राजनीति और संविधान, भारतीय अर्थव्यवस्था, भारत और विश्व से संबंधित पर्यावरणीय मुद्दे, खेल शामिल हैं।



INDIAN RAILWAYS

सामान्य वैज्ञानिक और तकनीकी विकास आदि।

**डी. सामान्य विज्ञान:**

भौतिकी, रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान (10वीं कक्षा तक सीबीएसई सिलेबस के अनुसार)। अनुभाग-वार प्रश्नों की संख्या और अंक नीचे दिए गए हैं:

| विषय | प्रश्नों की संख्या | प्रत्येक अनुभाग के लिए अंक |
|---|---|---|
| | सीबीटी-I | सीबीटी-I |
| गणित | 30 | 30 |
| सामान्य बुद्धिमता और तर्कशक्ति | 25 | 25 |
| सामान्य जागरुकता | 15 | 15 |
| सामान्य विज्ञान | 30 | 30 |
| कुल | 100 | 100 |

i. उपरोक्त तालिका में दिया गया खंडवार वितरण केवल सांकेतिक है और वास्तविक प्रश्नपत्रों में कुछ भिन्नताएँ हो सकती हैं।

ii. सीबीटी (कंप्यूटर आधारित परीक्षा) में नकारात्मक अंकन होगा और प्रत्येक गलत उत्तर के लिए प्रत्येक प्रश्न के लिए आवंटित अंकों का 1/3 अंक काटा जाएगा।

iii. **विभिन्न श्रेणियों में पात्रता के लिए अंकों का न्यूनतम प्रतिशत:** अनारक्षित -40%, ईडब्ल्यूएस -40%, ओबीसी (एनसीएल) -30%, एससी -30%, एसटी -25%। यह पूर्व सैनिक उम्मीदवारों पर भी उनके समुदाय के अनुसार लागू है। दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए आरक्षित रिक्तियों के लिए दिव्यांग उम्मीदवारों की कमी होने पर उनके पात्रता के लिए अंकों के इन प्रतिशत में 2 अंकों की छूट दी जा सकती है।

**13.2 द्वितीय चरण की कंप्यूटर आधारित परीक्षा :**

द्वितीय चरण की सीबीटी के लिए उम्मीदवारों की शॉर्टलिस्टिंग प्रथम चरण की सीबीटी में उनके द्वारा प्राप्त सामान्यीकृत अंकों के आधार पर की जाएगी।

शॉर्टलिस्ट किए जाने वाले उम्मीदवारों की कुल संख्या प्रथम चरण की सीबीटी में उनकी योग्यता के अनुसार आरआरबी के लिए अधिसूचित पदों की समुदायवार रिक्तियों का 15 गुना होगी। हालाँकि, रेलवे सभी अधिसूचित पदों के लिए पर्याप्त उम्मीदवारों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यकतानुसार कुल या किसी विशिष्ट श्रेणी के लिए इस सीमा को बढ़ाने/घटाने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

**अवधि** : 120 मिनट (स्क्राइब पाने के लिए योग्य पीडब्ल्यूबीडी (PwBD) उम्मीदवारों के लिए 160 मिनट)

**प्रश्नों की संख्या : 150**

**सिलेबस :** प्रश्न बहुविकल्पीय वस्तुनिष्ठ प्रकार के होंगे और इनमें सामान्य जागरुकता, भौतिकी और रसायन विज्ञान, कंप्यूटर और अनुप्रयोगों की मूल बातें, पर्यावरण और प्रदूषण नियंत्रण की मूल बातें और पद के लिए तकनीकी योग्यताओं से संबंधित प्रश्न शामिल होने की संभावना है। सामान्य जागरुकता,, भौतिकी और रसायन विज्ञान, कंप्यूटर और अनुप्रयोगों की मूल बातें, पर्यावरण और प्रदूषण नियंत्रण की मूल बातें इस सीईएन के अंतर्गत सभी अधिसूचित पदों के लिए समान पाठ्यक्रम है, जैसा कि नीचे विस्तार से बताया गया है:

ए) **सामान्य जागरुकता** : समसामयिक घटनाएं, भारतीय भूगोल, संस्कृति और भारत के इतिहास (स्वतंत्रता संग्राम सहित), भारतीय राजनीति और संविधान, भारतीय अर्थव्यवस्था, भारत और विश्व से संबंधित पर्यावरणीय मुद्दे, खेलकूद, सामान्य वैज्ञानिक और तकनीकी विकास आदि का ज्ञान।

बी) **भौतिकी एवं रसायन** : 10 वीं कक्षा तक सीबीएसई पाठ्यक्रम।

सी) **कंप्यूटर और अनुप्रयोग की मूल बातें** :

INDIAN RAILWAYS

कंप्यूटर की संरचना, इनपुट और आउटपुट डिवाइस, स्टोरेज डिवाइस, नेटवर्किंग, ऑपरेटिंग सिस्टम जैसे विंडोज़, यूनिक्स, लिनक्स, एमएस ऑफिस, विभिन्न डेटा रिप्रेजेटेशन; इंटरनेट और ईमेल, वेबसाइट और वेब ब्राउज़र, कंप्यूटर वायरस।

डी) **पर्यावरण और प्रदूषण नियंत्रण की मूल बातें** :

पर्यावरण की मूल बातें; पर्यावरण प्रदूषण के प्रतिकूल प्रभाव और नियंत्रण रणनीतियाँ, वायु, जल और ध्वनि प्रदूषण, उनका प्रभाव और नियंत्रण, अपशिष्ट प्रबंधन, ग्लोबल वार्मिंग, अम्ल वर्षा, ओज़ोन क्षरण

ई) **तकनीकी क्षमताएं**:

अनुलग्नक-ए में दर्शाए गए प्रत्येक पद के लिए उल्लिखित शैक्षणिक योग्यताओं को नीचे दिए गए अनुसार विभिन्न परीक्षा समूहों में वर्गीकृत किया गया है। तकनीकी योग्यताओं पर प्रश्न अनुलग्नक-VII-A, B, C, D, और E में दिए गए विभिन्न परीक्षा समूहों के लिए निर्धारित पाठ्यक्रम में तैयार किए जाएँगे।

अनुभागवार प्रश्नों की संख्या ओर अंको को नीचे दिया गया है।

| विषय | प्रश्नों की संख्या | प्रत्येक अनुभाग के लिए अंक |
|---|---|---|
| | सीबीटी - II | सीबीटी - II |
| सामान्य जागरुकता | 15 | 15 |
| भौतिकी ओर रसायन विज्ञान | 15 | 15 |
| कंप्यूटर और अनुप्रयोगों की मूल बातें | 10 | 10 |
| पर्यावरण और प्रदूषण नियंत्रण की मूल बातें | 10 | 10 |
| तकनीकी क्षमताएं | 100 | 100 |
| कुल | **150** | **150** |
| समय मिनटों में | 120 | |

i. उपरोक्त तालिका में दिया गया अनुभागवार वितरण केवल सांकेतिक है और वास्तविक प्रश्न पत्रों में कुछ भिन्नताएँ हो सकती हैं।

ii. सीबीटी (कंप्यूटर आधारित परीक्षा) में नकारात्मक अंकन होगा और प्रत्येक गलत उत्तर के लिए प्रत्येक प्रश्न के लिए आवंटित अंकों का 1/3 अंक काटा जाएगा।

iii. **विभिन्न श्रेणियों में पात्रता के लिए अंकों का न्यूनतम का प्रतिशत:** अनारक्षित -40%, ईडब्ल्यूएस -40%, ओबीसी (एनसीएल)-30%, एससी -30%, एसटी -25%। यह पूर्व सैनिक उम्मीदवारों पर भी उनके समुदाय के अनुसार लागू है। दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए आरक्षित रिक्तियों के लिए दिव्यांग उम्मीदवारों की कमी होने पर उनके पात्रता के लिए अंकों के इन प्रतिशत में 2 अंकों की छूट दी जा सकती है।

iv. द्वितीय चरण के सीबीटी के दौरान कंप्यूटर मॉनिटर पर वर्चुअल कैलकुलेटर उपलब्ध कराया जाएगा।

### 13.3 विषय मानचित्र सारणी

**प्रथम तालिका**

| **क्र.सं.** | **इंजीनियरिंग में तीन वर्षीय डिप्लोमा या इंजीनियरिंग/प्रौधौगिकी में स्नातक डिग्री** | **परीक्षा समूह** |
|---|---|---|
| | मैकेनिकल इंजीनियरिंग | |
| | प्रोडक्शन इंजीनियरिंग | |



INDIAN RAILWAYS

| | | |
|---|---|---|
| 1 | ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग<br>मैन्युफैक्चरिंग इंजीनियरिंग<br>मैकाट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग<br>इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग<br>मशीनिंग इंजीनियरिंग<br>टूल्स एंड मशीनिंग इंजीनियरिंग<br>टूल्स एंड डाय मेकिंग इंजीनियरिंग<br>उपर्युक्त विषय की मूल धाराओं की कोई भी उप धारा का मिश्रण | मैकेनिकल और सहायक इंजीनियरिंग |
| 2 | इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग<br>इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की मूल धाराओं की कोई भी उप धारा का मिश्रम | इलेक्ट्रिकल और सहायक इंजीनियरिंग |
| 3 | इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग<br>इंस्ट्रूमेंटेशन और कंट्रोल इंजीनियरिंग<br>कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग<br>कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग<br>कंप्यूटर इंजीनियरिंग<br>कंप्यूटर विज्ञान<br>सूचना प्रौधौगिकी<br>उपर्युक्त विषय की मूल धाराओं की कोई भी उप धारा का मिश्रण | इलेक्ट्रॉनिक्स और सहायक इंजीनियरिंग |
| 4 | सिविल इंजीनियरिंग<br>सिविल इंजीनियरिंग की मूल धाराओं की कोई भी उप धारा का मिश्रण<br>3 वर्ष अवधि का सिविल इंजीनियरिंग में बी.एस.सी. | सिविल और सहायक इंजीनियरिंग |

**द्वितीय तालिका** :

| क्र.सं. | **शैक्षणिक योग्यताएं** | **परीक्षा समूह** |
|---|---|---|
| 1 | बी.एस.सी, रसायन शास्त्र एवं भौतिक शास्त्र | सीएमए |

नोट:

ए) उपरोक्त चार्ट में मानचित्रित किए गए अनुसार परीक्षा समूह में उपर्युक्त अर्हता वाले सभी उम्मीदबारों की परीक्षा ली जाएगी। अलग-अलग परीक्षा समूहों में मैप की गई एक से अधित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता रखने वाला उम्मीदवार किसी भी एक परीक्षा समूह को चुन सकता है, बशर्ते वह उस पद का चयन करता हो जिसकी शैक्षणिक योग्यता चुने हुए परीक्षा समूह में मैप की गई हो। हालांकि, ये उम्मीदवार सभी चुने पदों के लिए पात्र होंगे।

बी) डीएमएस (डिपो सामग्री अधीक्षक) के पद के लिए शैक्षणिक योग्यता इंजीनियरिंग में तीन साल का डिप्लोमा है। अर्थात, किसी भी इजीनियरिंग शाखा में तीन वर्ष इंजीनियरिंग डिप्लोमाधारी उम्मीदवार इन पदों के लिए आवेदन कर सकते है।

इस सीईएन के ऑनलाइन आवेदन के लिए पंजीकरण के दौरान, उपर बताए गए चार्ट में शामिल नहीं किए गए शैक्षणिक योग्ताओं वाले ऐसे उम्मीदवार जो डीएमएस पदों के लिए पात्र है, वे सीएमए परीक्षा समूह को छोड़कर उपर दी गई परीक्षा समूह में से किसी भी एक का चयन कर सकते है। ।

13.4 **द्वितीय चरण के सीबीटी, दस्तावेज सत्यापन और पैनल में शामिल करने के लिए उम्मीदवारों की शॉर्टलिस्टिंग :** दस्तावेज सत्यापन के लिए उम्मीदवारों की शॉर्टलिस्टिंग द्वितीय चरण के सीबीटी में उनके द्वारा प्राप्त सामान्यीकृत अंकों के आधार पर की जाएगी। प्रथम चरण के सीबीटी से द्वितीय चरण सीबीटी तक के लिए और दूसरे चरण के सीबीटी में उनके प्रदर्शन के आधार पर दस्तावेज सत्यापन के लिए उम्मीदवारों की शॉर्टलिस्टिंग हेतु सामान्य पद्धति (नोरमलाईजेशन स्कीम) का पालन निम्नुसार किया जाएगा :

- 13.4.1 **अंकों का सामान्यीकरण**:

ए) समान पाठ्यक्रम के लिए बहु सत्रों में जब भी कंप्यूटर आधारित परीक्षा आयोजित की जाती है , तब विभिन्न सत्रों में उम्मीदवारों द्वारा प्राप्त कच्चे अंक सामान्यीकृत अंकों में बदल दिए जाएंगे।

बी) मेरिट इंडेक्स की गणना करने के लिए एकल सत्र सीबीटी के लिए कच्चे अंक और बहु-सत्र सीबीटी के लिए सामान्यीकृत अंकों का उपयोग किया जाएगा, जो विभिन्न परीक्षा समूहों के उम्मीदवारों के लिए योग्यता उत्पन्न करने के लिए एक सामान्य बेंचमार्क है।

- **13.4.2 सभी प्रश्नपत्रों के लिए योग्यता सूचकांक (मेरिट इंडेक्स) की गणना**:

(ए) उम्मीदवारों की एक सामान्य योग्यता सूची बनाने के लिए जिनमें विभिन्न परीक्षा समूहों से उम्मीदवारों ने परीक्षा दी है, किंतु एक सामान्य पद के लिए पात्र है, योग्यता सूचकांक (मेरिट इंडेक्स) की गणना की जाएगी।

(बी) उन सभी पेपरों के लिए, जिनके लिए केवल एक सीबीटी सत्र है, उम्मीदवारों द्वारा प्राप्त वास्तविक अंकों का उपयोग मेरिट इंडेक्स की गणना के लिए प्रयुक्त माना जाएगा, जबकि बहु सत्रों के पेपरों के लिए उम्मीदवार द्वारा प्राप्त कच्चे अंकों के अनुरुप सामान्यीकृत अंकों की गणना की जाएगी और सामान्यीकृत अंकों के आधार पर योग्यता सूचकांक (मेरिट इंडेक्स) तैयार किया जाएगा।

नीचे दिए गए फॉर्मूले का उपयोग करते हुए मेरिट इंडेक्स की गणना की जाएगी:

योग्यता सूचकांक = $S_q + (S_t - S_q)\dfrac{M - M_q}{\overline{M_t} - M_q}$

(मेरिट इंडेक्स अर्थात विषय के अंदर उम्मीदवार का सापेक्ष अंक है।)

M: उम्मीदवार द्वारा प्राप्त अंक (एकल सत्र परीक्षा के लिए वास्तविक/कच्चे अंक और बहु सत्र परीक्षा के लिए सामान्यीकृत अंक)।

Mq: पेपर में सामान्य श्रेणी के उम्मीदवार के लिए अर्हक अंक (40) है ।

$\overline{M_t}$ : पेपर में उपस्थित होने वाले उम्मीदवारों में से शीर्ष 0.1% या शीर्ष 10 में से जो भी अधिक हो, उसके औसत अंक (सभी सत्रों सहित बहु सत्र परीक्षा के मामले में)

Sq: Mq के लिए निर्धारित स्कोर 350 है।

$S_t$: $\overline{M_t}$ के लिए निर्धारित स्कोर 900 है।

सामान्य श्रेणी के उम्मीदवार के लिए अर्हक अंक (Mq) 40 है।

पैरा 13.2 में निर्धारित अनुसार अनारक्षित, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग (एनसीएल), अनुसूचित जाति ,



INDIAN RAILWAYS